भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 975
दिनांक 08 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएमबीजेपी के अंतर्गत सुविधा सैनिटेरी नैपकिन

975. श्री संगम लाल गुप्ताः
श्री पी.पी. चौधरीः
श्री अनुराग शर्माः
डॉ. रमापति राम त्रिपाठीः
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः
श्री सी.आर. पाटिलः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत बेचे जाने वाले सुविधा सैनिटरी नैपकिन का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार की जनजातीय क्षेत्रों और देश के सर्वाधिक पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं को सुविधा नैपकिन निःशुल्क बेचने/वितरित करने की कोई योजना है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) अन्य नैपकिनों की तुलना में सुविधा सैनिटरी नैपकिन के लाभों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा देश में सुविधा सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता और लाभों के बारे में अधिक संख्या में सुविधाहीन और वंचित महिलाओं को बढ़ावा देने और उन्हें जानकारी देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)

(क): प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत, सरकार ने किफायती कीमतों पर मासिक धर्म स्वास्थ्य सेवाओं की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं के लिए 1/- रुपए प्रति पैड की दर से जन औषधि सुविधा सैनिटरी नैपकिन लॉन्च किए हैं। इन

पैडों की बिक्री देश भर में खोले गए 10000 से अधिक जन औषधि केंद्रों के माध्यम से की जा रही है। शुरूआत से दिनांक 30.11.2023 तक, जन औषधि केंद्रों पर 47.87 करोड़ से अधिक जन औषधि सुविधा सैनिटरी पैडों की बिक्री की जा चुकी है।

(ख) और (ग): जी, नहीं। सुविधा सैनिटरी पैडों की बिक्री 10000 से अधिक जन औषधि केंद्रों के माध्यम से 1/- रुपये प्रति पैड की अत्यधिक रियायती दर पर की जाती है।

(घ): सुविधा सैनिटरी पैड 1/- रुपये प्रति पैड की अत्यधिक किफायती दर पर देश भर में सभी जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध हैं। ये पैड ऑक्सी-बायोडिग्रेडेबल हैं और अच्छे गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हैं।

(ङ): इस योजना की कार्यान्वयन एजेंसी अर्थात् भारतीय औषध एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) महिलाओं के बीच स्वच्छता व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया और प्रचार के अन्य माध्यमों से इन सुविधा सैनिटरी पैड के लिए प्रचार और जागरूकता अभियान चलाती है।

*****